स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 17.09.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

व्यापारियों के सहयोग से जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, निगम भिलाई के मुस्तैदी से सुपेला सण्डे बाजार नहीं लगा

भिलाईनगर/ सुपेला घड़ी चौक से कोहका चौक तक लगने वाला सण्डे मार्केट इस बार नहीं लगा। स्थानीय लोगों की बरसों से लंबित मांग थी कि सुपेला कोहका रोड में लगने वाले सण्डे बाजार के दौरान सड़क के डिवाईडर पर रखकर व्यवसाय करने वालों को हटायें जावे। बाजार लगने से इतनी परेशानी हो जाती थी कि एम्बुलेंस हो या फायर बिग्रेड की गाड़ी भी घण्टों के मशक्कत के बाद ही पार कर पाती थी आने जाने वाले तो रास्ता ही बदल दिये थे। स्थानीय व्यापारिक प्रतिनिधि मण्डल लम्बे समय से इस मांग को लेकर आंदोलन कर रहें थे, ज्ञापन दे रहे थे पुर्व में कई बार प्रयास भी किया गया लेकिन अपरिहार्य करणों से सफल नहीं हो पाता था।

इस बार व्यवस्थित ढंग से जिला प्रशासन के तरफ से एडीएम संजय अग्रवाल, नगर निगम आयुक्त के0एल0 चौहान, डीएसपी शशि मोहन सिंग, ने संयुक्त रुप से पिछले सण्डे को मार्केट का भ्रमण किया वहॉ की स्थिति को देखा व्यापारियों से बात किये नगर निगम के मुख्य कार्यालय में बुलाकर व्यापारियों को समझाईस दी कि मुख्य सड़क के डिवाईडर को छोड़कर आगे मजार से आगे के फुथपाथ के दोनों तरफ बाजार लगावे मुख्य मार्ग को छोड़कर ही अपना कार्य करें। कुछ व्यापारियों ने सहमति दी कुछ व्यापारी वर्ग स्पष्ट नहीं थे। पर प्रशासन ने तय कर लिया था कि आज का सण्डे बाजार नहीं लगेगा।

आज सुबह 4 बजे से जिला प्रशासन से एडीएम संजय अग्रवाल, के साथ कमलेश वर्मा, हरिओम द्विवेदी, एसडीएम छावनी वैद्य, पुलिस प्रशासन से डीएसपी शशि मोहन सिंग के साथ बिरेन्द्र सतपति, सतीष ठाकुर, अजित यादव, जामुल, सुपेला भिलाई टीआई अपने सैकड़ों पुलिस जवान, दो बज्र गाड़ी, एक वाटर केनन, निगम प्रशासन के राजस्व अधिकारी एचके चन्द्राकर, सहायक राजस्व अधिकारी मलखान सिंह सोरी, फायर बिग्रेड लेकर दलबल के साथ उपस्थित रहें। पुलिस गाड़ी पेट्रोलिंग करती रही निगम की गाड़ी समझाईस देती रही जिसका परिणाम निकला स्थानीय व्यापारी एवं जो व्यापारी रायपुर, गोंदिया, बिलासपुर या अन्य जगहों से आकर व्यापार करते है वे डरकर दुकान रोड पर नहीं लगाये। स्थायी व्यापारियों ने सहयोग किया, कुछ व्यापारियों का वर्ग बीच–बीच में संगठित होकर दुकान लगाने का प्रयास किया लेकिन प्रशासन के मुस्तैदी के आगे उनकी एक न चलीं। जिनको भी दुकान लगाना था वे खाली फुथपाथ पर लगाये या अपने स्थायी दुकानों में से व्यापार किये सड़क के उपर अवैध कब्जा करके लगाये गये बांस बल्ली को निगम प्रशासन पहले ही हटा चुका था। स्थानीय निवासियों, जनप्रतिनिधियों, व्यापारिक प्रतिनिधियों ने प्रशासन की इस कार्य की सराहना की।

आयुक्त के0एल0 चौहान ने व्यापारियों एवं स्थानीय निवासियों को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

जन सम्पर्क विभाग